हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 फरवरी, 2025

11 बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम



12 जाखल नगर पालिका के चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत...



**खबर संक्षेप**

### रतिया में विशाल रूहानी सत्संग 2 मार्च को

**रतिया।** शहंशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां, कैथल के सौजन्य से अनाज मंडी रतिया में 2 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एक विशाल रुहानी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सचिव भीरा राम व मैंबर जिला परिषद वकील नथवान ने बताया कि इस दिन शहंशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां के मुखी श्री गुरु दाता शहिनशाही श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाकर निहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन गुरू का अटूट लंगर चलाया जाएगा। रुहानी सत्संग को लेकर चलाए जा रहे प्रचार अभियान के तहत लोकल प्रबंधक कमेटी जिला फतेहाबाद के सदस्यों द्वारा अनाज मंडी, पुराना बाजार, मॉडल टाउन सहित विभिन्न कॉलोनियों में डोर टू डोर पहुंचकर शहर वासियों को रूहानी सत्संग में भाग लेने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

### शहर में सीवरेज बंद होने से लोग परेशान

**फतेहाबाद।** शहर के वार्ड नम्बर 7 के हनुमान मंदिर के क्षेत्र में इन दिनों सीवरेज बंद से आमजन को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतना ही नहीं सीवरेज का पानी भी पेयजल में मिक्स होकर आ रहा है जिससे कि क्षेत्र में बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। लोगों ने संबंधित विभाग से समस्या के समाधान करने की अपील की है।

### वाहनों पर काली फिल्म लगाने पर काटे चालान

**फतेहाबाद।** ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को शहर भर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों ने काली फिल्म लगी गाडियों, रेड लाइट जंप करने और तीन सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। एसआई धर्मचंद के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में एक वाहन चालक पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया।

### एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य सरकार की योजनाओं में आने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में व्यक्तियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं।

## 24 फरवरी को फिर एक्टिव होगा वेस्टर्न डिस्टरबेंस

# वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बरसात व गिरे ओले, 5 डिग्री तक गिरा तापमान

### मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले एक सप्ताह रहेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से वीरवार रात को जिले के जाखल व टोहाना क्षेत्र के गांवों में बरसात के बाद मामूली ओले गिरने से टैम्परेचर में गिरावट आ गई। बारिश के बाद टैम्परेचर 5 डिग्री तक लुढक गया। शुक्रवार अलसुबह क्षेत्र में एक बार फिर से धुंध छा गई। सोत्र वाले खेतों में फसलों पर ओंस की बूंदे देखने को मिली। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। मौसम के करवट लेने से शुक्रवार को दिनभर ठंडी हवाएं चली, लोग फिर से गर्म कपड़े पहने नजर आए। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो फरवरी में अगले एक सप्ताह तक ठंड का असर देखने को मिल सकता है। 24 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा। इसके कारण दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी।

बता दें कि वीरवार देर शाम को पश्चिम विक्षोभ के एक्टिव होने से जिले के पंजाब सीमा से सटे जाखल व टोहाना क्षेत्र में बारिश हुई और कुछ गांवों में मामूली ओलावृष्टि भी हुई। 15 से 20 मिनट तक बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। बारिश के बाद पिछले 15 दिनों से बढ़े हुए तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले दिनों यहां अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। शुक्रवार को यहां का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। टोहाना शहर के अलावा गांव बलियावाला, डांगरा, ललौदा, पिरथला, कन्हड़ी, समैण, कमालवाला व आस-पास के एरिया, जाखल, तलवाड़ा, तलवाड़ी, साधनवास, चांदपुरा, मुंदलियां, कडैल आदि गांवों में बारिश का समाचार है। इनमें से कुछेक गांवों में मामूली ओलावृष्टि हुई। हालांकि कृषि विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कहीं मामूली ओलावृष्टि हुई है तो उससे नुकसान का समाचार नहीं है। इसके विपरीत यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। बता दें कि इससे पहले 27 दिसंबर को फतेहाबाद के आस-पास के गांवों में काफी ओलावृष्टि हुई थी। उस समय फतेहाबाद क्षेत्र के गांव माजरा, धांगड़, ढाण्ड, झलनियां समेत करीब 13 गांवों में ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ था, जिसकी गिरदावरी का काम चल रहा है। उस ओलावृष्टि के बाद 2657 किसानों ने करीब 18 हजार 355 एकड़ जमीन की फसलों के खराबे के मुआवजा को लेकर आवेदन किया हुआ है।

**बारिश से भीगी सड़क**



**आगे का मौसम**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में अगले एक सप्ताह तक ठंड का असर देखने को मिल सकता है। 24 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, हालांकि यह कमजोर रहेगा, लेकिन इसके कारण दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। प्रदेश में 10 फरवरी से अचानक तापमान में बढ़ोतरी हुई थी। इस महीने में पहली बार दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान 5 डिग्री तक गिर गया है।

**धुंध से मिलेगा लाभ**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते बीती रात जाखल व टोहाना में हलकी बारिश हुई है। यह बारिश फसलों के लिए लाभदायक है। कुछेक गांवों में मामूली ओले पडने की सूचना भी आई है लेकिन इससे फसल को नुकसान नहीं पहुंचा है। बारिश के बाद धुंध से भी फसलों को लाभ मिलेगा।

-डॉ. राजेश सिहाग, डीडीए फतेहाबाद

**नहीं हुआ नुकसान**

पंजाब सीमा से सटे उपमंडल टोहाना के कुछ गांवों में मामूली ओलावृष्टि की बात सामने आई है। इससे नुकसान की रिपोर्ट नहीं मिली है। हालांकि बारिश की रिपोर्ट आई है लेकिन यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है।

-श्याम लाल, डीआरओ फतेहाबाद

## भूना और जाखल से तीन तस्कर काबू, भारी मात्रा में शराब बरामद

- पहले मामले में कुल 144 बोतल व दूसरे में 57 बोतल शराब बरामद

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शराब तस्करों के खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस ने तीन युवकों को काबू कर इनके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पहले मामले में एवीटी स्टाफ ने भूना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक बोलेरो गाड़ी से शराब बरामद की। एवीटी स्टाफ की टीम एएसआई सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान जेडी कॉलेज, भूना के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि विजय कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी गोरखपुर व सुरेन्द्र सिंह पुत्र भूप सिंह निवासी वार्ड नं. 3, भूना बोलेरो गाड़ी में काफी मात्रा में शराब लेकर फतेहाबाद की तरफ जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने गश्त तेज कर दी। कुछ देर में सामने से एक बोलेरो गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रूकवाया तो उसमें दो युवक सवार थे। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से 12 पेटी में कुल 144 बोतल देशी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने एएसआई जयदेव सिंह के नेतृत्व में जाखल क्षेत्र में गश्त के दौरान सागर पुत्र तरसेम निवासी गुरूद्वारा बस्ती, जाखल हाल किरायेदार पंजाब कालोनी जाखल को गिरफ्तार कर उसकी दुकान से 57 बोतल शराब बरामद की।

## सराहनीय कार्य करने पर दो पुलिसकर्मी सम्मानित

- सम्मानित होने पर एसपी ने पुलिस कर्मियों की पीठ थपथपाई



**सिरसा।** एसपी पुलिस प्रवक्ता को सम्मानित करते हुए।

**सिरसा।** पुलिस कर्मियों की जहां भी ड्यूटी लगे वहीं पर अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करवाकर सराहनीय कार्य करें ताकि समाज में पुलिस विभाग की बेहतर छवि नजर आए तथा उस क्षेत्र के लोग उक्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को लंबे समय तक याद रखें। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने उक्त विचार पुलिस और मीडिया के बीच लंबे समय से एक सेतू के रुप में सहरानीय कार्य करने वाले पुलिस प्रवक्ता निरीक्षक सुरजीत सिंह तथा आर्थिक अपराध शाखा में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के उपरांत व्यक्त किए। पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिस कर्मचारी को सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मचारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि थानों में फरियाद लेकर आने वाले व्यक्तियों की बात को गंभीरता से सुनकर उन्हें शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें, ताकि समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें और समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए।

## किसान सभा की ढाबी कलां में मीटिंग 21 सदस्यीय कमेटी का किया गठन

- बजट में किसानों को राहत की बजाय बीजेपी ने कटौती करने का काम किया : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव ढाबी कलां में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान सभा के सदस्य।

अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक गांव ढाबी कलां में ताराचंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्थानीय मुद्दों और समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त व तहसील कमेटी भट्टूकलां प्रधान मा. हनुमान सिंह ने भाग लिया। बैठक में किसान सभा की 21 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें तारा चन्द को संयोजक व मूर्ति देवी को सह संयोजक बनाया गया। बैठक में गांव व ढाणियों में पीने की पानी की समस्या, बिजली समस्या व सेम समस्या के अलावा सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों व संसाधनों की कमी पर चिंता जताई गई और शासन-प्रशासन से इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण खेती लागत बढ़ रही है लेकिन किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे। यही कारण है कि आज किसान लगातार कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। नए बजट में भी सरकार ने किसानों को राहत देने की बजाय कटौती करने का काम किया है। प्राकृतिक आपदा से खराब फसलों का कई-कई सालों तक मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजे को लेकर किसानों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ती है। इस मौके पर विनोद कुमार, मान्जु, बलबीर सिंह, ताराचंद, रमेश कुमार, सन्तोष, कमला, सीमा, सन्तरो, जगदीश, सुभाष चन्द्र, कृष्ण कुमार, छोटूराम, गुड्डी देवी आदि मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा क्रेंदों के पास धारा 163 लागू

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा 28 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक सिरसा जिले में सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी (एकेडमिक/एचओएस) और डीएलएड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने आदेश जारी कर परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में हथियार ले जाने, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोकॉपी की दुकानों व कोचिंग सेंटरों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधीश ने ये आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्तः शक्तियों को प्रयोग करते हुए जारी किए गए है। जारी आदेशों में कहा है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास बाहरी हस्तक्षेप से परीक्षाओं में गड़बड़ी की संभावना बढ़ जाती है। आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा पुलिस अधीक्षक, उपमंडल मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षक और फ्लाइंग स्क्वायड को सौंपा गया है।

## ईश सरना, मनोज असीजा और प्रवीन सचदेवा बने जिला उपाध्यक्ष

- ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष रविन्द्र मेहता ने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ से विचार विमर्श कर राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व संस्थापक कमल हांडा की अनुमति व दिशा निर्देशन में फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। जिला कार्यकारिणी में ईश कुमार सरना, प्रवीन सचदेवा व मनोज असीजा को जिला उपाध्यक्ष, गुरदीप सिंह बग्गा को जिला उपाध्यक्ष यूथ विंग, अजय कुमार मेहता को संयुक्त सचिव, अश्वनी गीक व गुलशन ग्रोवर को सलाहकार, जगदीश कामरा व सुभाष चंद्र बुद्धिजा को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया तथा शेष कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही कर दिया जाएगा। नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने संगठन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव ज्योति कमल हांडा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष परमजीत कोचर, प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष का आभार जताया है और विश्वास दिलाया कि उन पर जो भरोसा जताया गया है, वह उस भरोसे को टूटने नहीं देंगे। जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति का अधिवक्ता राजेन्द्र कुकरेजा, विनोद अरोड़ा, वरुण अघी, दीपक मिगलानी, आशु कपूर, विजय कुमार मेहता, संदीप कुमार पुनिहाणी, सुभाष चुघ, प्रेम कुमार छाबड़ा एडवोकेट, हरदेव सिंह सोढ़ी, मनोज तलवार, कृष्ण कुमार ढींगड़ा, कमल कुमार चौधरी, राखी मक्कड़, रविंद्र मेहता पार्षद, कपिल खत्री पार्षद, सतीश अरोड़ा, अधिवक्ता रीटा नागपाल, अधिवक्ता सत्यम अरोड़ा आदि ने किया स्वागत और बधाई दी।

## दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के सहायक उपकरणों के लिए आयोजित होंगे जांच शिविर

- सहायक उपकरणों के लिए 3 से 5 मार्च तक किया जाएगा पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला प्रशासन व रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भारत सरकार के कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली के सहयोग से प्रथम चरण में जिला के दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ मूल्यांकन जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी जरूरत के सहायक उपकरण जैसे तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कानों की सुनने वाली मशीन, बैशाखी, चलने की छड़ी, कमोड के साथ व्हील चेयर, फोल्डिंग वॉकर सहित अन्य सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए 3 से 5 मार्च तक पंजीकरण किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि 3 मार्च को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय, 4 मार्च को कम्यूनिटी सैंटर नगरपालिका रतिया व 5 मार्च को डांगरा रोड स्थित लघु सचिवालय टोहाना पर सुबह 9 बजे से शिविर आयोजित कर पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दूसरे चरण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली द्वारा सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

**दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक दस्तावेज**

दिव्यांगजनों को शिविर में पंजीकरण के लिए दिव्यांग जन का 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाला यूडीआईडी कार्ड की फोटो कॉपी, नियोक्ता/संस्था के प्रमुख/ग्राम प्रधान/तहसीलदार/राज्य के सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी लाभार्थी या अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की प्रति, निशुल्क वितरण के लिए मासिक आय 22500 रुपये से कम या इसके बराबर होनी चाहिए, दो पासपोर्ट साइज फोटो, पूरे पते और मोबाइल नंबर के साथ आधार कार्ड की प्रति, फैमिली आईडी, पास बुक प्रथम व अंतिम पेज की कापी दस्तावेज अनिवार्य है।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक दस्तावेज**

वरिष्ठ नागरिकों हेतू सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ नागरिक कार्ड/आयु प्रमाण, बीपीएल कार्ड, पेंशन प्रमाण, आय प्रमाण की फोटो कॉपी, मासिक आय 15000 रुपये से कम या उसके बराबर होनी चाहिए, आधार कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण जैसे राशन कार्ड की प्रतिलिपि, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेजों का होना अनिवार्य है।

**विरोध** चेतावनी, 3 मार्च को दिल्ली में और 24, 25 को देशभर में होगी हड़ताल

## पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व नई भर्ती को लेकर बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

यूनियनों ने 5 दिवसीय सप्ताह और सभी संवर्गों में स्थायी भर्ती की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व नई भर्ती की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने शुक्रवार को बरनाला रोड स्थित पीएनबी शाखा के सामने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। यूनियन नेताओं सचिव सुभाष गुंबर, चंचल कुमार, अशोक कंबोज, सुरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि मार्च 2024 के द्विपक्षीय समझौते और संयुक्त नोट के दौरान, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और यूनियनों ने 5 दिवसीय सप्ताह को लागू करने के लिए एक समझौता किया और एक औपचारिक सिफारिश को मंजूरी के लिए सरकार को भेज दिया गया। हालांकि, लगभग एक साल बीत चुका है और सरकार ने अभी तक इस बदलाव को अधिसूचित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले से ही उपलब्ध हैं और अधिकांश सरकारी और कॉर्पोरेट कार्यालय सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इससे ग्राहक सेवा और उत्पादकता में बढ़ोतरी ही होगी। उन्होंने कहा कि यूनियनों द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा सभी संवर्गों में स्थायी भर्ती की आवश्यकता है। यूनियन नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत कार्यबल न केवल बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है, बल्कि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का दबाव भी कम करता है, जिससे अंततः बैंकिंग परिचालन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कई अन्य चिंताओं को भी उजागर कियाए जिसमें कर्मचारियों की कमी के कारण शाखाओं में बढ़ते कार्यभार को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता, पदोन्नति, स्थानांतरण और कर्मचारी कल्याण के संबंध में निष्पक्ष और पारदर्शी नीतियां सुनिश्चित करना और बैंकिंग क्षेत्र में अनुचित श्रम प्रथाओं और आगे निजीकरण के किसी भी प्रयास का विरोध करना शामिल है। आज का प्रदर्शन एक व्यापक आंदोलन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें 03 मार्च 2025 को दिल्ली में धरना और 24 और 25 मार्च 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल शामिल है। यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आने वाले समय में अपने विरोध प्रदर्शन को तेज करेंगे। बता दें कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस भारतीय बैंकिंग उद्योग में कर्मचारियों और अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली नौ प्रमुख ट्रेड यूनियनों का एक छत्र निकाय है।


लोमड़ी 10 अलग-अलग तरह की आवाजें निकाल सकती है।




गाय एक ऐसा जानवर है जो कि खड़े रहकर भी सो सकती है।



# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

## दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

## आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद



## क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेर में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

## कोर्स

कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

## करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

## शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

## योग्यता

- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतु यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

## आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

खबर संक्षेप

## महमड़ा में शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी का उद्घाटन

**रतिया।** गांव महमड़ा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत द्वारा शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सरपंच देवीलाल थे वहीं अध्यक्षता ग्राम सचिव ने की। सरपंच देवीलाल ने बताया कि जहां एक तरफ इस क्षेत्र के युवा नशे से प्रभावित है वही दूसरी तरफ गांव के काफी युवाओं की पढ़ाई में काफी दिलचस्पी है। हाल ही में हुई सरकारी नौकरी की भर्तियों में गांव के काफी लडक़े लड़कियां का भी चयन हो चुका है। उन्होंने कहा कि गांव के बहुत सारे छात्रों को तैयारी के लिए शहर में लाइब्रेरी में जाना पड़ता था जिसके कारण उनको कई आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता था। इसके कारण बच्चों ने मांग उठाई कि गांव में भी एक लाइब्रेरी बनाई जाए। युवाओं की समस्या को देखते हुए गांव में यह लाइब्रेरी तैयार की गई है ताकि गांव के युवाओं को पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर छात्र चंद्र पंत, गुरसेवक, सुखप्रीत, विकास, अमन, सोनिया, सिमरन आदि भी मौजूद रहे।

## महिला हुई साइबर ठगी का शिकार, 1 लाख गवाए

**फतेहाबाद।** भूना की एक महिला के साइबर ठगी का शिकार होने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से करीब 1 लाख रुपये निकाल लिए जबकि महिला को इसको लेकर कोई ओटीपी तक नहीं आया था। महिला को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी मीना रानी ने कहा है कि उसने एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया हुआ है। इस कार्ड की लिमिट 1 लाख रुपये तक है। जब उसने कार्ड की स्टेटमेंट चैक की तो पाया कि उसके क्रेडिट कार्ड से 9 जनवरी से 16 जनवरी तक कुल तीन बार में रुपये काटे गए हैं।

## प्राइवेट स्कूल संघ हांसी में सम्मान समारोह

**हांसी।** प्राइवेट स्कूल संघ हांसी द्वारा शुक्रवार को आनन्द निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। और प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का युग आधुनिक युग है और आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य है इसलिए अपनी शिक्षा के साथ साथ सभी प्रकार प्रतियोगिताओं में भाग लें। इस अवसर आनन्द निकेतन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी, अमर ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल महेदा, आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल डाटा, शान्ति निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल डाटा, हिन्दू सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसी के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## आरोही स्कूल में 508 बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा

**उकलाना।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उकलाना में विभिन्न कक्षाओं में दाखिला के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में कुल 508 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि खंड के विभिन्न सरकारी व प्राइवेट स्कूल के कुल 541 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन हुई है। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 3 मार्च को घोषित किया जाएगा। प्रिंसिपल सुरेन्द्रपाल वर्मा ने बताया कि ऑरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आर्ट, कामर्स व मेडिकल तीनों संकायो में अग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों के लिए स्पोर्टस व एग्रीक्लचर ट्रेड में वोकेशनल कोर्स भी करवाया जाता है जो उन्हे रोजगार प्राप्त करने में सहयोगी है।

### बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# निबंध प्रतियोगित में पूजा प्रथम सिमरन व कुमकुल रही द्वितीय



**फतेहाबाद।** निबंध प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी।

- सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरुकता फैलाना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस प्रतियोगिता का कुशल आयोजन डॉ. ज्योति और मैडम रेखा ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारी मातृभाषाएँ हमारे सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं और इनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं और हर भाषा में अपनी विशेषता और संस्कृति की अद्वितीयता है। मातृभाषा न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि यह व्यक्ति की पहचान और समाज की मूलभूत संरचना का भी हिस्सा है, इसलिए इसे सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों व आम लोगों से आग्रह है कि वे अपने-अपने समुदाय में मातृभाषा को सम्मान देने और उसके संरक्षण में सक्रिय योगदान दें। इस दिन को हम केवल भाषाओं का सम्मान करने के रूप में न देखें, बल्कि इसे हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के एक अवसर के रूप में मनाए। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मातृभाषा को लेकर अपने विचारों को विस्तार से लिखा। इस प्रतियोगिता में बीएबीएड तृतीय वर्ष से पूजा ने प्रथम, बीएबीएड तृतीय वर्ष से सिमरन व बीएबीएड प्रथम वर्ष से कुमकुम ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा बीएबीएड द्वितीय वर्ष की लिवांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## सीडीएलयू में एंटी रैगिंग पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नॉलॉजी विभाग के जागरूकता एक्टिविटीज क्लब द्वारा एंटी रैगिंग पर पोस्टर मेकिंग, डिबेट तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार गहलावत ने छात्रों को रैगिंग को रोकने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को इसकी रोकथाम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आरके सालार ने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के एंटी रैगिंग सेल से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों से सांझा की। अध्यापकों ने छात्रों को रैगिंग के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक ज्ञान वर्धन किया। युवा छात्रों ने भी रैगिंग के विषय पर अपने विचार रखे। इसमें युवाओं की भागीदारी पर भी चर्चा की गयी। निर्णायक मण्डल की भूमिका प्रो. जेएस दुहन व प्रो. प्रियंका सिवाच ने निभाई। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ प्रदीप, यशपाल एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी सुनील, बेअंत, अजय, संजय उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एम.एस.सी प्रीवियस की करिश्मा और कशिश ने पहला स्थान, एम.एस.सी फाइनल की शिवांगी और एम.एस.सी प्रीवियस के दीप दिव्यत ने दूसरा स्थान व एम.एस.सी प्रीवियस के लक्ष्य, आँचल और एम.एस.सी फाइनल के इशू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिबेट में टीम आर एन ए की शिवांगी, अभिषेक, सागर व अनुराधा ने पहला स्थान, टीम डी एन ए के रजत, इशू, दीप दिव्यत व आंचल ने दूसरा स्थान व टीम प्रोटीन के विवेक, लक्ष्य, कृष्णा व रितु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## रोडवेज डिपो में विभिन्न ट्रैड्स पर अप्रेंटिसशिप के लिए २५ फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 1 मार्च को मेरिट सूची में चयनित उम्मीदवारों की होगी ज्वाइनिंग

हरियाणा रोडवेज डिपो द्वारा कुल 20 अप्रेंटिस रखे जाने हैं जिसके लिए कर्मशाला फतेहाबाद व टोहाना के तहत 10 डीजल मैकेनिक, 4 विद्युतकार, 1 वैल्डर, 3 कारपैंटर व 2 मशीनिस्ट आईटीआई पास छात्रों के लिए प्रशिक्षु पद एक वर्ष की समय अवधि के लिए भरे जा रहे हैं। इसके लिए संबंधित उम्मीदवार डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रेंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट आईएन पर 25 फरवरी दोपहर 3 बजे तक अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा दस्तावेजों की एक कॉपी 27 फरवरी को नये बस स्टैंड में महाप्रबंधक कार्यालय में प्रातः 10 बजे स्वयं उपस्थित होकर दस्ती जमा करवानी होगी। इस बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि 20 फरवरी से पूर्व आवेदन कर चुके प्रशिक्षुओं के आवेदन मान्य नहीं होंगे। मैरिट सूची 28 फरवरी को महाप्रबंधक कार्यालय के सूचना बोर्ड पर लगा दी जाएगी और 1 मार्च को मेरिट सूची में चयनित अप्रेन्टिसशिप उम्मीदवारों को ज्वाइन करवा लिया जाएगा।

## एआई तकनीक का समाज पर प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

- छात्रा सिमरंजीत कौर ने प्रथम, हरबंस ने दूसरा और ऋतु रानी,ने तीसरा स्थान पाया
- खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन
- छात्रों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में भौतिक विभाग की विषय परिषद् द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विरेंद्र कुमार ने की। इस प्रतियोगिता का संयोजन प्रो. कपिल सोढ़ी, सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान ने किया। उन्होंने बताया कि इस निबंध लेखन प्रतियोगिता का मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का समाज पर प्रभाव, रिमोट सेंसिंग का दैनिक जीवन में महत्व, नैनो तकनीकी का मेडिकल और इंजीनीयरिंग क्षेत्र मे योगदान इत्यादि रहे। इस प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. रिचा रानी व प्रो. दिनेश कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में छात्रा सिमरंजीत कौर बीएससी प्रथम वर्ष ने पहला स्थान, छात्र हरबंस बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष ने दूसरा स्थान व छात्र सत्यानारंन व छात्रा ऋतु रानी, बीएससी फिजिकल साइंस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

## अप्रवासी मजदूर से पिस्तौल दिखाकर तीन युवकों ने मोबाइल व नगदी छीनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



राइस मिल में मजदूरी करने वाले अप्रवासी युवक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर उसका मोबाइल व नगदी छीन ली और पंजाब का क्षेत्र की तरफ भाग गए। पुलिस ने युवक की शिकायत पर तीनों अज्ञात युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और लूटपाट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के तहत बिहार के सहरसा निवासी मुकेश ठाकुर गांव ढाणी बबनपुर और गांव लांबा के बीच में करतार राइस मिल में मजदूरी का काम करता है शुक्रवार को मुकेश ठाकुर बबनपुर बिजली घर के सामने से पैदल ही मिल की तरफ जा रहा था कि रास्ते में एक बिना नंबर की बाइक पर रुमाल से अपना मुंह बांधे तीन युवकों ने मुकेश को पिस्तौल दिखाकर उससे उसका मोबाइल और हजारो रुपयों की नगदी छीन ली और मौके से पंजाब के गांव कुलरिया की तरफ भाग गए। मुकेश ने सहयोगियों को जाकर सारी बात बताई मिलकर गांव के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें मुंह बांधे तीन युवक पंजाब की तरफ भागते दिखाई दिए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया बैगलैस दिवस

- वैज्ञानिक मॉडल्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान की अवधारणाओं को सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बैगलेस दिवस (बस्ता मुक्त दिवस) कार्यक्रम के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में मुक्त प्रयोगशाला में विचरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 और 7 के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल्स के माध्यम से विज्ञान की अवधारणाओं को सीखा। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से विज्ञान की अवधारणाओं को सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने लिफ्ट योरसेल्फ मॉडल के माध्यम से सीखा कि पुली के माध्यम से अपने से अधिक वजन को आसानी से उठाया जा सकता है, न्यूटन डिस्क मॉडल के माध्यम से बच्चों ने प्रकाश के सात रंगों के मिश्रण के नियम, वजन संतुलन मॉडल के माध्यम से बच्चों ने वजन संतुलन की अवधारणा, द्रव्यमान केंद्र मॉडल के माध्यम से बच्चों ने द्रव्यमान केंद्र की नियम, ऊर्जा संरक्षण मॉडल के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की स्थिति, पेंडुलम मॉडल के माध्यम से पेंडुलम की गति, सिसमोग्राफ मॉडल के माध्यम से सिसमोग्राफ की कार्यप्रणाली, पवन चक्की मॉडल के माध्यम से पवन चक्की की कार्यप्रणाली, ध्वनि तरंग मॉडल के माध्यम से ध्वनि तरंगों की कार्यप्रणाली तथा पेरिस्कोप मॉडल की उपयोगिता और कार्यप्रणाली को समझा। इसके साथ ही अपशिष्ट जल शुद्धिकरण मॉडल के माध्यम से बच्चों ने अपशिष्ट जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समझा।



**फतेहाबाद।** बस्ता मुक्त दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को कार्यक्रम की महत्ता ने कराया अवगत

विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया की नई शिक्षा नीति का विद्यालय में सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा है तथा विद्यार्थियों के अधिगम को सरल बनाने के लिए इस प्रकार की मुक्त प्रयोगशालाओं का विद्यालय में निर्माण करवाया जा रहा है जिससे बच्चे स्थाई ज्ञान की प्राप्ति कर सके और विज्ञान के सिद्धांतों को करके सिख सके। कार्यक्रम प्रभारी श्रीश कुमार ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की महत्ता से अवगत कराया तथा बच्चों का इन गतिविधियों से कैसे सर्वांगीण विकास हो सकता है, इस पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान की अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से सीखा और अपनी जिज्ञासा को संतुष्ट किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि लेने और अपने करियर के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## किसान शुभकरण को भारतीय किसान यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवा किसान शुभकरण को श्रद्धांजली देने के लिए भारतीय खेती बचाओ यूनियन की ओर से फतेहाबाद के लघु सचिवालय के बाहर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान यूनियन के जिला अध्यक्ष छल्लुराम ने बताया कि सरकार किसानों के हित में काम नहीं कर रही है। एमएसपी मांगों को लेकर खनोरी बॉर्डर पर पिछले 87 दिनों से धरने पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की मांगों को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुभकरण केवल पंजाब की लड़ाई के लिए शहीद नहीं हुआ है।

## 15 ग्राम कोकीन के साथ बाइक सवार गिरफ्तार



**डबवाली।** पुलिस ने एक युवक को करीब दो लाख रुपये की 15 ग्राम कोकीन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली स्टाफ प्रभारी राजपाल ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान कृष्ण उर्फ किशु पुत्र राजकुमार निवासी एकता नगर वार्ड नंबर 8 मंडी डबवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान चौटाला रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान तहसील कार्यालय के पास एक युवक मोटरसाइकिल पर बैठा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने युवक को काबू कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 15 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

## किसान से ठगी के आरोपी युवक दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 2 लाख 49 हजार 993 की हुई थी ठगी

साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक किसान के केसीसी अकाउंट से धोखाधड़ी कर करीब अढ़ाई लाख रुपये निकालने के मामले में बिहार के एक युवक को दिल्ली से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान रूपेश कुमार पुत्र शिवानंद निवासी पिछेली जिला अररिया, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक फिंगर स्कैन डिवाइस बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 19 अक्टूबर 2023 को गांव बुआन निवासी मुंशीराम की शिकायत पर धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका हरियाणा ग्रामीण बैंक में खाता है और यह एक केसीसी अकाउंट है। जब उसने बैंक कॉपी पूरी करवाई तो उसे पता चला कि उसके खाते से 25 नवंबर 2022 से 9 जनवरी 2023 तक अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 2 लाख 49 हजार 993 रुपये निकाले गए हैं, इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर उसके खाते से यह रुपये निकाले हैं। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

## मकान से एक लाख नकदी व लाखों के आभूषण चोरी

- 1 लाख की नकदी सहित करीब 20 लाख के आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर के चोपड़ा वाली गली में एक बंद पड़े मकान से चोर 1 लाख रुपए की नकदी सहित करीब 20 लाख रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बालकृष्ण ने बताया कि बीती 16 फरवरी को वह परिवार सहित फतेहाबाद शादी समारोह में गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोर रात को घर में घुसे और एक सैट डायमंड, ब्रैसलेट, 2 अंगूठी डायमंड, 1 चेन सोने की, 3 कड़े सोने के, एक अंगूठी सोना लावर, 6 अंगूठी सोने की, तीन सोने की चेन, 2 अंगूठी डायमंड जैंटस, चांदी की पायल 16 तोले, 40 चांदी के सिक्के, 2 जगह पर रखी 50-50 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब वे घर आए तो उन्हें इस घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस में सामान की काफी तलाश की लेकिन सामान का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

कार्यक्रम

### धौलू स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली जल संरक्षण जागरुकता रैली

# जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न गवाएं, अपनों से है प्यार तो पानी बचाकर करें उपकार : विजेंद्र सिंह

विद्यार्थियों को जल घर धौलू का भ्रमण करवाया और पानी की शुद्धता की जानकारी दी

- सतीश कुमार व रुपिंदर कौर ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को नोडल अधिकारी सतीश कुमार व रुपिंदर कौर की अध्यक्षता में जल संरक्षण जागरुकता रैली निकाली। हाथ में बैनर व तख्तियां लेकर बच्चों ने पूरा गांव भ्रमण किया। बच्चों की पहल से प्रभावित हुए ग्रामीण पानी बर्बादी रोकने का संकल्प लेते रहे। रैली के पूर्व बच्चों ने जल संरक्षण के प्रति गंभीर रहने का संकल्प लिया। रैली में शामिल बच्चे जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न गवांए, अपनों से है प्यार तो पानी बचाकर करें उपकार का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।



**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू के विद्यार्थी जल संरक्षण रैली निकालते हुए।

प्रिंसिपल विजेंद्र सिंह ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर रैली निकालकर आम जनमानस को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न गवाएं यह कहना जितना आसान है उतना ही कठिन है इसे रोक पाना। जीवन में जल का महत्व क्या है यह उस वक्त पता चलता है जब प्यास से गला सूखता जाए और पानी दूर-दूर तक नजर न आए। ऐसे में हमें पानी संरक्षण को लेकर गंभीर होने की जरुरत है। छात्र- छात्राओं को जल घर धौलू का भ्रमण करवाया और पानी की शुद्धता को लेकर पूरी जानकारी दी। प्रिंसिपल विजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को पेंटिंग के माध्यम से पानी बचाओ जल बचाओ और जल है तो कल के नारे में सर्वश्रेष्ठ स्लोगन में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर सीनियर प्रवक्ता हरविंदर बागड़ी, धर्मवीर सिंह, अनिल बेनीवाल, संजय धारणिया, कृष्ण लाल, सुरेश कुमार, भीम सिंह, अमनप्रीत, मुकेश, ममता पूनिया, आशा रानी, कृष्ण कुमार, नेहा, राजेंद्र सिंह, कैलाश शर्मा, विनोद गर्ग, राजबीर सिंह, जसवंत सिंह, सतीश आदि मौजूद रहे।

सूचना

मैं, कृष्णा बाई विधवा प्रेम सुख निवासी मकान नं. 365-सी, न्यू पुलिस लाइन ऐरिया, हिसार तहसील व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरी लड़की कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार का उसके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने के आरोप में चार काबू

**रानियां।** सार्वजनिक स्थल पर हुंडदग बाजी कर शांति भंग करने के मामलें में जिला की रानियां थाना पुलिस ने गांव करीवाला क्षेत्र से चार लोगों को काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गुरविंद्र सिंह पुत्र कशमीर सिंह, जगदीप सिंह पुत्र साधा सिंह, गुरभेज सिंह पुत्र नत्था सिंह निवासी गांव करीवाला व राहुल पुत्र मोजी सिंह निवासी हरपुर भिंडी जिला समस्तीपुर हाल करीवाला के रुप में हुई है।

### हेरोइन सहित युवक पकड़ा, केस दर्ज

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान ऐलनाबाद क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 89 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी।आरोपी की पहचान भूपेंद्र सिंह पुत्र जोरावर सिंह निवासी गांव चौटाला जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### चोरीशुदा स्कूटी सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर के शांति नगर में एक मकान के सामने से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए शहर थाना पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपी को काबू कर लिया है। शहर थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ बब्लू पुत्र लखविंद्र सिंह निवासी आलूपुर मानसा पंजाब के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि शांति नगर निवासी दीपक कुमार पुत्र सुहारा राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 3 फरवरी की रात को घर के सामने इलेक्ट्रिक स्कूटी खड़ी की थी।

### किसान के खेत से सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव कर्मगढ़ में एक किसान के खेतों में लगे सोलर पंप का चोर कंट्रोलर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में प्रेमचंद ने बताया कि उसने अपने खेतों में वाटर टैंक पर सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। बीती 19 फरवरी की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी कर लिया। सुबह वह खेतों में गया तो उसे इस घटना का पता चला।

### शादी समारोह से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव रोड़ी में स्थित पैलेस में शादी समारोह में शिरकत करने गए मलड़ी निवासी व्यक्ति का मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव मलड़ी निवासी जगदेव सिंह ने बताया कि बीती 19 फरवरी की रात्रि को वह कालांवाली-रोड़ी रोड पर स्थित पैलेस में शादी समारोह में बाइक लेकर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया।

---

## ट्रिपल इंजन की सरकार से विकास को गति मिलेगी : मित्तल

# जाखल नगर पालिका के चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत, डोर टू डोर किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जाखल नगर पालिका चुनावों को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिलेभर के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जाखल में डेरा डाला हुआ है। जाखल चैयरमेन पद के लिए भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह मित्तल के लिए भाजपा जिला महामंत्री अशोक जाखड़ ने डोर टू डोर होकर कि लोगों से वोटो की अपील। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में भी नायब सिंह सैनी के साथ डबल इंजन सरकार बनी और नॉनस्टॉप विकास कार्यों ने इसी के साथ ही हरियाणा में रफ्तार पकड़ी है। इसी के साथ ही और अब हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार भी बनने जा रही है, जिससे विकास कार्यों में और गति आएगी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष पद के भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र मित्तल के लिए वोटों की अपील की। उनके साथ भाजपा जिला सचिव सविता टुटेजा, कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम सिंगला, नगर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, पार्षद निलांशी शर्मा, अंजली मित्तल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**जाखल।** प्रचार में जुटे भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

### निर्धारित स्थान पर ही लगाएं प्रचार सामग्री

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा 4 फरवरी 2025 को की गई थी, जिसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी राजनीतिक दलों को इसके पालन का निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा रैली, सभा स्थल, पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। राजनीतिक दल व उम्मीदवार निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री चस्पा करवा सकते हैं। इसके अलावा राजनीतिक दल और उम्मीदवार सुबह छह बजे से रात दस बजे तक माइक व लाउडस्पीकर का प्रयोग कर सकते हैं।

**चुनाव प्रचार कार्यालय खोलने के नियम लागू:** उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल या उम्मीदवार चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार ही प्रचार कार्यालय खोल सकते हैं। कार्यालय निजी या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर स्थापित नहीं किए जा सकते, और इन्हें धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में नहीं खोला जा सकता। उन्होंने बताया कि कोई भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में आपत्तिजनक सामग्री प्रकाशित या प्रचारित नहीं कर सकता। इसके अलावा सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को छपी सामग्री की तीन प्रतियां जिलाधीश कार्यालय में जमा करवानी होंगी।

**143 मतदान केंद्र बनाए गए :** उन्होंने बताया कि सिरसा नगर परिषद चुनाव के लिए मतदान दो मार्च 2025 को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक होगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए 143 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद है।

### जेजेपी अध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी चौधरी देवीलाल की नीतियों पर स्थापित पार्टी है और उसकी कल्याणकारी नीतियों से प्रत्येक नागरिक को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी नीतियों को अब निकाय चुनावों के माध्यम से प्रचारित करने की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की है कि वे इन नीतियों के आधार पर शहर में छोटी सरकार बनाकर विकास के पहिए को गति दें। अजय चौटाला शुक्रवार को चौटाला हाउस में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता कल शनिवार को सुबह 11 बजे निकाय चुनाव में बतौर चेयरमैन के तौर पर पार्टी के उम्मीदवार प्रवीण कुमार तुर्किया



कार्यकर्ताओं की बैठक लेते अजय चौटाला।

(लक्की चौधरी) के संत कबीर चौक के समीप स्थापित कार्यालय पर एकत्रित होकर वहीं से उनके समर्थन में अनाजमंडी व समीपस्थ क्षेत्र में प्रचार में जुटेंगे। इसी प्रकार शाम 5 बजे वार्ड नंबर 15 से पार्टी की पार्षद पद की उम्मीदवार मोनिका सचदेवा के समर्थन में उनके वार्ड में जोरशोर से प्रचार करेंगे।

### नगर परिषद सिरसा चुनाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि नगर परिषद चुनाव 2025 के आम चुनाव पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से करवाने करने के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। चुनाव से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01666-247345 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व आमजन से अपील की है कि वे नगर परिषद चुनाव से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए इस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### चुनाव खर्च का लेखा रखना अनिवार्यः एसडीएम

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार चुनाव लडने वाले सभी उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का लेखा प्रतिदिन रखना आवश्यक है। प्रधान पद के लिए खर्च सीमा 20 लाख रुपये तथा सदस्य पद के लिए चार लाख 50 हजार रुपये निर्धारित की गई है। चुनाव खर्च का लेखा नियमानुसार न रखने पर भविष्य में उम्मीदवार को चुनाव लडने से अयोग्य ठहराया जा सकता है। चुनाव खर्च लेखा चेक कराने के लिए फैकल्टी हाउस, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में नियुक्त अधिकारियों से संपर्क कर सकते है।

### विशेष बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- सिविल अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा विशेष बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया

जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रयास मेंटली चैलेंज्ड चिल्ड्रन स्कूल व हेलेन केलर दृष्टिबाधितार्थ विद्यालय में शुक्रवार को सिविल अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा विशेष बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप में दोनों स्कूलों के 100 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर आरबीएसके कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान दिलोड़ ने कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इन स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेष बच्चों के समग्र विकास के लिए स्वच्छता, खेल व मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और उनका सामाजिक व मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। मेडिकल कैंप के दौरान सिविल अस्पताल टीम से डॉ. अंकुर कटारिया, मनोचिकित्सक डॉ. पवन व अन्य सहयोगी सदस्यों ने विशेष रूप से बच्चों का चिकित्सा परीक्षण किया। स्कूल प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

## मंदिर निर्माण का हुआ भूमिपूजन

- श्री श्याम मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** श्री श्याम मंदिर के निर्माण को लेकर भूमिपूजन करते श्रद्धालु।

श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा संत व ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद से श्री गौशाला एक्सचेंज रोड स्थित प्रस्तावित श्री श्याम मंदिर पावन स्थल पर शुक्रवार को श्री श्याम मंदिर शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान प्रमुख समाजसेवी प्रवीण गर्ग, रतिया सेवा समिति धर्मशाला सालासर के प्रधान हरिकेश मंगला, अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बांसल, पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा, अशोका पेट्रोलियम के मालिक विपिन बांसल व गर्ग पट्रोलियम के मालिक वरुण गर्ग ने संयुक्त रूप से पं. राजेश पुजारी के सानिध्य में सुबह सवा 9 बजे के शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन कर श्री श्याम मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री श्याम मंदिर निर्माण का शुभारंभ होने पर काफी दिनों से उक्त प्रस्तावित पावन स्थल पर श्री श्याम मंदिर निर्माण की बाट जोह रहे श्याम प्रेमियों में काफी उमंग एवं उत्साह देखा गया। सर्वप्रथम रतिया व आसपास की जगहों से आए हुए हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों ने एक दूसरे को गले लगाकर शिलान्यास समारोह की बधाई दी। भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया।

## लोक बोलियां प्रतियोगिता में गुरप्रीत रहा अव्वल

- सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** लोक बोलियां प्रतियोगिता के विजेता। फोटो : हरिभूमि

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पंजाबी विभाग ने शुक्रवार को सभ्याचार दी तस्वीर व लोक बोलियां विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विधार्थियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि सभ्याचार विरासत, लोकगीत, लोक बोलियां हमारी संस्कृति की झलक व पहचान हैं। हमें इस परम्परागत सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. नछतर सिंह ने कहा कि सभ्याचार, विरासत, लोकसंगीत, बोलियां आदि समाज की गहराई तक फैले गुणों की समग्रता का नाम है, जो उस समाज की सोच, विचार, कार्य, खान-पान, बोलना, नृत्य, गायन, साहित्य, कला, वास्तुकार आदि में सन्निहित है। इस प्रकार किसी राष्ट्र की संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने का पता उस राष्ट्र के लोकगीतों, और लोक बोलियों से चलता है। हमारा व्यवहार, सुख-दुख, पहनावा, खान-पान सब कुछ इन्हीं के माध्यम से व्यक्त होता है। लोक बोलियों में बहुत कुछ है, इन बोलियों में पूरे समुदाय का दिल धडक़ता है, समाज का चेहरा दिखता है, समय काल दिखता है इनमें प्रेम की भावनाएं मिलन और अलगाव की भावनाएं शामिल हैं। बोलियों में युद्ध और मेल-मिलाप होता है इसमें आंसुओं की वर्षा और हंसी की चमक भी शामिल है, रूठने और मनाना भी शामिल है। इस प्रतियोगिता में गुरप्रीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पीएमश्री स्कूल रूपावास में मनाया वार्षिक समारोह



**सिरसा।** बच्चों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**चोपटा।** खंड नाथूसरी चोपटा के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास में धूमधाम से वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. कृष्ण ढाका ने बताया कि इस कार्यक्रम में संजय बिश्नोई जिला राजस्व अधिकारी सिरसा मुख्यातिथि तथा खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर ढिढारिया, सरपंच ग्राम पंचायत रूपावास उदयपाल ढिल्लों व विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि थे। विद्यालय प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह ने गुलदस्ता भेंटकर मुख्यातिथि संजय बिश्नोई का स्वागत किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

## भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- गुरुकृपा मंडल ने होली उत्सव व ठाकुर जी का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** कलाकार भारत टूटेजा को सम्मानित करते घनश्याम मदान।

गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव व ठाकुर जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। घनश्याम मदान के निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदान परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें टी सीरिज कलाकार भारत टूटेजा ने गणेश वंदना, गुरुवंदना से ठाकुर जी के भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। भारत टुटेजा ने बहुत सुंदर-सुंदर भजन 'गुरुदेव सहारा तेरा है, तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ हे, मेरे सतगुरु प्यारे ,होली खेलन आइया तेरिया सालिया वे, नी में आपे प्रीता ला लिया सवारे दे नाल' से रसमय माहौल बना दिया। उसके बाद ममता तनेजा ने राधा रानी कृपा कीजिये, गुरुदेव तुम्हारी जय होवे। बांके बिहारी महिला मंडल ने भी खूब आनंद बरसाया। सुनीता खन्ना ने 'तेरे नाल प्रीता पा के असि चंगे रहेगे, बजाओ राधा नाम की ताली', ममता मेहता ने बिन पिए नशा हो जाता है, आदि सुंदर सुंदर भजनों से होली का आनंद बरसाया। इस कार्यक्रम में सुनीता खन्ना, ममता मेहता, रमेश कुमारी, ममता तनेजा, नीरू बंगा, शुकन्तला टुटेजा, पायल रानी, निशा टुटेजा, कविता अन्य लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल छीना-झपटी मामले का आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस चौकी ने प्रीत नगर में एक व्यक्ति से हुई मोबाइल छीना झपटी की घटना को सुलझाते हुए घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजू पुत्र साधू सिंह निवासी राम नगरिया सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि अजय कुमार पुत्र जुगल किशोर निवासी गली नंबर 1 कीर्ती नगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब 20 दिन पहले रात के समय सांगवान चौक सिरसा से पैदल अपने घर प्रीत नगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब वह नजदीक प्रीत नगर पंहचा तो सामने से बाइक सवार दो अज्ञात युवक आए और मेरे हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना शहर सिरसा छीना-झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि कीर्ती नगर पुलिस चौकी की एक टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीना झपटी की वारदात में शामिल एक युवक को काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ कर उसके एक अन्य साथी की भी पहचान कर ली गई है।

## बीईओ ने रायपुर ढाणी स्कूल में चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

- बीईओ ने मिड डे मील में सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** स्कूलों का निरीक्षण करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी।

खंड शिक्षा अधिकारी रतिया अनीता बाई द्वारा ब्लॉक रतिया के कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया व विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुसर में 9वीं व 11वीं कक्षाओं की चल रही परीक्षाओं का निरिक्षण किया व परीक्षाओं के संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय रायपुर ढाणी में खंड शिक्षा अधिकारी ने मिड डे मील की जांच की व साफ सफाई से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महमदपुर सोत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ने दसवीं में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### मंथन आई हेल्थ केयर फाऊंडेशन ने लगाया निःशुल्क नेत्र जागरूकता शिविर

## शुगर के कारण बढ़ रहा नेत्र रोगों का खतरा : स्वामी दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डॉ. विनोद शर्मा को सम्मानित करते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

काला मोतिया हो, डायबिटिक रैटीनोपैथी हो या निकट दृष्टि रोग हो, ये तीनों आज दृष्टिहीनता के मुख्य कारण बनते जा रहे हैं।

चुपचाप नजरों को चुराने वाले अपने आने की आहट तक भी नहीं देते। आज भारत में सवा करोड़ से अधिक लोग हैं, जो कालामोतिया की पकड़ में हैं। इससे अधिक भी हो सकते हैं। यह बात शहर के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा ने मंथन आई हैल्थ केयर फाऊंडेशन के सौजन्य से श्री गीता भवन, मॉडल टाऊन फतेहाबाद में आयोजित निःशुल्क नेत्र जागरूकता शिविर के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कही। गुरूदेव डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज की छत्रछाया में आयोजित निःशुल्क आंखों के जागरूकता शिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ.विनोद शर्मा ने कहा कि 80 प्रतिशत लोगों को तो पता ही नहीं लग पाता कि उन्हें नेत्र रोग है, जबकि इससे जितनी दृष्टि चली जाती है, वापस नहीं आती। बस, समय पर यह रोग पकड़ में आ जाए तो इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि यदि परिवार में किसी सदस्य को है, लाइट के चारों ओर रंगीन गोल चक्कर दिखते हैं, तेज सिर दर्द या आंखों में दर्द होता है तो अवश्य चेक करवाएं। शुगर वाले रोगी सावधान रहें, इसका पहला प्रभाव आंखों पर ही पड़ता है। खाली ब्लड शुगर ही नहीं नेत्र और गुर्दो की भी जांच करवाएं। डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि निकटदृष्टि रोग जिसे मायोपिया कहते हैं, सबसे ज्यादा प्रभाव इसका बच्चों पर पड़ रहा है। धूल भरे वातावरण से बचाते हुए बच्चों को 2-3 घंटें की धूप दें।